# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

11/02/20

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Prabhat khabar, Lohardaga (JKD)**

सतर्कता. लोहरदगा में अब भी हैं सुरक्षा के कड़े इंतजाम, चप्पे-चप्पे पर है पुलिस की नजर

# गली से लेकर मेन रोड तक हो रहा फ्लैग मार्च

प्रतिनिधि ▷ लोहरदगा

रैपिड एक्शन फोर्स जमशेदपुर 106 सी बटालियन द्वारा उप कमांडेंट अनामी शरण के नेतृत्व में शहरी क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया. कर्फ्यू हटने के बाद शहरी क्षेत्र में धारा 144 लागू कर दी गयी है. कर्फ्यू हटने के बाद लोहरदगा में जनजीवन सामान्य होने लगा है. बाजारों में लोगों की संख्या बढ़ी है जिससे बाजार में रौनक वापस आने लगी है. सोमवार को देर रात तक दुकानें खुली रहीं. लंबी दूरी के वाहनों का परिचालन शुरू हो गया है. पुलिस प्रशासन एवं रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा लगातार समीक्षा बैठक करने के साथ साथ शांति समिति की बैठक कर हालात को सामान्य बनाया जा रहा है. फ्लैग मार्च में उपायुक्त आकांक्षा रंजन, पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक, उप कमांडेंट अनामी शरण, राकेश कुमार, डीएसपी श्री अमित, सहायक कमांडेंट अमरकांत कुमार सहित पुलिस अधिकारी एवं रैफ के जवान शामिल थे. फ्लैग मार्च सदर थाना से शुरू होकर कुरैशी मुहल्ला, अमला टोली, अंजुमन मुहल्ला, पावरगंज चौक, अमेंदकर नगर, तैगी नगर, बरवाटोली, थाना चौक, अजय उद्यान, फ्तराटोली हुते हुए शहरी क्षेत्र के विभिन्न बाजारों एवं गलियों से होते पुनः थाना पहुंच कर समाप्त हुआ. फ्लैग मार्च के दौरान डीसी आकांक्षा रंजन, एसपी प्रियदर्शी आलोक, उप कमांडेंट अनामी शरण, राकेश कुमार, सहायक कमांडेंट अरकांत कुमार ने बताया कि शहरी क्षेत्र में धारा 144 लागू है. कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का अफवाह न फैलायें, शांति व्यवस्था भंग न करें, उत्तेजक भाषण नहीं दें. कहा गया कि सोशल मीडिया, व्हाट्स एप, फेसबुक, ट्वीटर पर किसी प्रकार का सांप्रदायिक माहौल बिगाड़नेवाली चीजों को शेयर न करें.




उप नगरीय क्षेत्र में भी हो रही है गश्ती.



गली कूचों में भी किया जा रहा है फ्लैग मार्च.

**माइक से अजान फिर से शुरू करायी जाये : मौलाना कुतुबुद्दीन**

**रांची.** लोहरदगा में मसजिदों में माइक से अजान बंद करा दी गयी है. एदारए शरिया झारखंड के नाजिमे आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने प्रशासन से मांग की है कि वहां फिर से माइक से अजान शुरू करायी जाये. उन्होंने कहा कि वहां के अल्पसंख्यक लोगों को न्याय दिलाने के लिए राज्य के मंत्रियों से जल्द ही मुलाकात की जायेगी. उन्होंने वहां के अधिकारियों के भी तबादले की मांग की है.

**Sanmarg , Lohardaga (JKD)**

# लोहरदगा में शांति और सद्भाव मजबूत हुआ : अनामी शरण

संवाददाता

**लोहरदगा :** रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने सोमवार को डिप्टी कमांडेंट अनामी शरण व सहायक कमांडेंट अमरकांत कुमार की अगुवाई में सदर थाना क्षेत्र के विभिन्न मुहल्लों में फ्लैग मार्च किया गया। रैफ जमशेदपुर के डिप्टी कमांडेंट श्री शरण ने कहा कि लोहरदगा शहर समेत ग्रामीण क्षेतों में शांति और सद्भाव विकसित हुआ है। भाईचारे का माहौल है। इसे स्थायित्व देने का काम यहां अमन पसंद जनता का है। पुलिस किसी को शांति भंग करने वालों को छोड़ेगी नहीं। इस शहर को विकास के रास्ते सद्भाव के माध्यम से आगे बढ़ाने की जरूरत है। यहां की धरती हमेशा से प्रेम, सद्भाव और अमन- पसंद की रही है। अपनी पहचान को फिर से



स्थापित करने का दायित्व नागरिकों पर है। पुलिस हमेशा यहां की जनता के साथ है। हिंसा का समाज में कोई स्थान नही है। संवाद समस्याओं के समाधान का सशक्त माध्यम है। जरूरी है, कि सभी वर्गों के बीच संवाद को फिर से प्रगाढ़ बनाया जाय। इसकी जरूरत है। रैपिड एक्शन फोर्स के महिला और पुरुष जवानों ने सायरन वाहन के साथ शहर के तमाम संवेदनशील स्थानों के अलावा बाहरी इलाकों मे भी फ्लैग मार्च किया। इसके अलावा जगह-जगह आईआरबी, एसआईआरबी और विभिन्न जिलों के जिला बल के जवान, पुलिस ट्रेनिंग सेंटरों के प्रशिक्षु किसी भी स्थिति से निपटने को पूरी तरह से मुस्तैद है। लोहरदगा थाने मे पुलिस कप्तान प्रियदर्शी आलोक और उपायुक्त आकांक्षा रंजन आकर लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। रांची के जोनल आईजी नवीन कुमार सिंह, डीआईजी अमोल वेणुकांत होमकार समेत आला अधिकारी लोहरदगा की तमाम गतिविधियों पर पैनी नजर रखे हुए है। लोहरदगा नगर पर्षद मे धारा 144 लागू है पुलिस- प्रशासन और आरएएफ के प्रयास और आम लोगों के सहयोग से जनजीवन सामान्य हुआ है। पुलिस प्रशासन और रैपिड एक्शन फोर्स की महिला जवान समेत बड़ी संख्या में शहर और इसके बाहरी इलाकों में पैदल मार्च कर रहे है। ड्रोन कैमरे से हालात की निगरानी की जा रही है। डीसी आकांक्षा रंजन, एसपी प्रियदर्शी आलोक, डीएसपी अमित और हुसैन, सहित पुलिस अधिकारियों ने सभी वर्ग के लोगों से शांति व्यवस्था कायम रखने में सहयोग की अपील की।

Dainik Jagran, Prayagraj (UP)

# सेवा भाव के साथ मुस्तैद रहे सुरक्षा बल

जागरण संवाददाता, प्रयागराज : माघी पूर्णिमा स्नान पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था चौकस रही। सीसीटीवी कैमरों और हवा में उड़ते ड्रोन से पूरे मेला क्षेत्र में निगरानी होती रही। पुलिसकर्मियों ने सेवा भाव के साथ ड्यूटी की।

माघ मेला के छह स्नान पर्व में पांच प्रमुख होते हैं। अंतिम स्नान पर्व महा शिवरात्रि है। आमतौर पर माघी पूर्णिमा के साथ ही कल्पवासियों के विदा होने पर मेले से भीड़ कम हो जाती है। रविवार को माघी पूर्णिमा के संपन्न होने पर पुलिस अफसरों ने राहत की सांस ली है। तकरीबन डेढ़ महीने से पुलिस अधिकारी मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए रात दिन सक्रिय रहे। रविवार को भी माघी पूर्णिमा पर एडीजी जोन प्रेम प्रकाश और आइजी रेंज केपी सिंह भी एसपी मेला आशुतोष मिश्र के साथ भ्रमण करते रहे। संगम समेत अन्य घाटों पर



माघी पूर्णिमा पर रविवार को संगम नोज पर तैनात आरएएफ के जवान • जागरण

के लिहाज से रैपिड एक्शन फोर्स और एटीएस के कमांडो भी मेले में पैदल गश्त करते रहे। एंटी सबोटाज चेक टीम और बम डिस्पोजल स्कवायड भी लगातार चेकिंग करती रहीं। मेले के वाच टावर से दूरबीन के जरिए निगरानी

## सतर्कता

- ड्रोन कैमरों से भी रखी गई नजर, एडीजी और आइजी करते रहे भ्रमण
- घाटों पर बुजुर्गों की सहायता करते दिखे पुलिसकर्मी, रास्ता भी पार कराया

## रोके गए दोपहिया वाहन भी

माघ मेले में भीड़ बढ़ने पर दोपहिया वाहनों को भी मेले के भीतर जाने से रोका जाने लगा। सभी वाहनों को काली मार्ग तिराहे पर ही रोककर पार्किंग स्थल पर खड़ा कराया जा रहा था। चार पहिया वाहनों को जीटी जवाहर चौराहे पर ही रोककर पार्किंग में भेजा जा रहा था। हालांकि रविवार को मेले के बाहर शास्त्री पुल से बैरहना और रामबाग तक ज्यादा जाम नहीं लगा। भीड़ और वाहनों का दबाव था इसलिए यातायात बाधित रहा।

Sanmarg, Lohardaga (JKD)

# रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने किया फ्लैग मार्च

संवाददाता

**लोहरदगा :** रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों के द्वारा रविवार को उप कमांडेंट अनामी शरण की अगुवाई में लोहरदगा थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया। सात फरवरी को शांति और आदर के रास्ते पर चलने का भी लोगों ने संकल्प लिया। लोहरदगा की तरक्की के लिए सौहार्द की नई इबारत लिखने की बात कही जा रही है। लोग तेजी से अमन-चैन की जीवन जीने को लेकर पहल करना शुरू कर दिए हैं। कहते हैं, कि शांति के रास्ते पर चलकर ही हम मानवता के लिए मिलजुल कर काम करेंगे। इसमें ही सबकी भलाई है। सब पर भरोसा कायम होगा। यही इस लोहरदगा नगर की आबोहवा है, इसके झोंके में शांति है। भाईचारा है। मिलजुल कर रहने की असीम शक्ति भी। एसआईटी की छापामारी बादस्तूर जारी है। जिनको पूछताछ के लिए पुलिस बुला रही है, वैसे कई लोग अब भी फरार हैं। उनके घरों में दबिश बनाई जा रही है। जिले में छह फरवरी से कर्फ्यू हट गया है। सामान्य जीवन में रफ्तार पकड़ना शुरू कर दिया है। लोहरदगा नगर पर्षद में धारा 144 लागू रहेगी। इस दौरान आम नागरिक बड़ी संख्या में बाजारों से अपने सामान खरीदते नजर आ रहे हैं। बाजारों की रौनक वापस आने लगी है। देर रात दुकानें खुली रहीं। शहर के आम नागरिक अपने जरूरी काम को निपटाने के लिए सड़कों पर नजर आ रहे हैं। लोहरदगा थाना से मार्च शुरू होकर अमला टोली कुरैशी मुहल्ला, पावरगंज सुभाष चौक, न्यु रोड अंजुमन मुहल्ला, अंबेडकर नगर, तैगी नगर, बरवाटोली चौक, थाना चौक बडी मस्जिद, अजय उद्यान, पतराटोली होते हुए शहर के सभी मुख्य मार्गों, गलियों और बाजारों से गुजरा। रैपिड एक्शन फोर्स और अन्य बलों की टुकड़ियों के द्वारा किये जा रहे फ्लैग मार्च व गश्त से शहर के सभी इलाकों में पूर्ण रूप से शांति व्यवस्था कायम है।

**Akila, Rajkot Gujrat**

# રેપિડ એક્શન ફોર્સની પ્ર.નગર પોલીસ મથક એરિયામાં ફ્લેગ માર્ચ







રેપિડ એક્શન ફોર્સ (આરએએફ)ની શહેરના તમામ પોલીસ મથકના ઈન્ચાર્જ સાથે બેઠક યોજી બાદમાં જે તે વિસ્તારના સંવેદનશિલ, અતિસંવેદનશીલ એરિયામાં ફ્લેગ માર્ચ યોજવામાં આવી રહી છે. તે અંતર્ગત ગઈકાલે આરએએફના આસી. કમાન્ડન્ટ શ્રી રામાનંદ પ્રસાદે પ્ર.નગર પીઆઈ વી.એસ. વણઝારા સાથે બેઠક યોજી હતી. એ પછી પીએસઆઈ કે.ડી. પટેલ અને સ્ટાફ આરએએફની પ્લાટૂનની સાથે રહી ભીસ્તીવાડ, જંકશન પ્લોટ મેઈન રોડ સહિતના વિસ્તારોમાં ફ્લેગ માર્ચ યોજી હતી. (૧૪.૭)

A/100 FAM EX OF DIST. RAJKOT U/PS PRADHUMAN

**Jadeed Bharat , Lohardaga**

# لوہردگا میں امن وامان اور ہم آہنگی مضبوط، حالات بہتر

## ڈپٹی کمانڈنٹ انامی شرن کی قیادت میں شہری علاقوں میں فلیگ مارچ



لوہردگا:(عوامی نیوز) ریپڈ ایکشن فورس کے جوانوں نے سوموار کو ڈپٹی کمانڈنٹ انامی شرن اور اسسٹنٹ کمانڈنٹ امرکانت کمار کی قیادت میں صدر تھانہ علاقہ کے مختلف محلوں میں فلیگ مارچ کیا گیا۔ آر اے ایف جمشید پور کے ڈپٹی کمانڈنٹ مسٹر شرن نے کہا کہ لوہردگا شہر سمیت گرامین علاقوں میں امن وامان اور ہم آہنگی مضبوط ہوا ہے۔ بھائی چارگی کا ماحول ہے۔ اسے اختتام دینے کا کام یہاں کے امن پسند عوام کا ہے۔ پولس کسی کو بھی جو پر امن ماحول کو خراب کرنے کوشش کرے گا اسے نہیں بخشے گی۔ اس شہر کو ترقی کے راستے ہم آہنگی کے ذریعہ سے آگے بڑھانے کی ضرورت ہے۔ یہاں کی زمین ہمیشہ سے پیار، ہم آہنگی اور امن پسند رہی ہے۔ اپنی شناخت کو پھر قائم کرنے کی ذمہ داری شہریوں پہ ہے۔ پولس ہمیشہ یہاں کے عوام کے ساتھ ہے۔ تشدد کا معاشرے میں کوئی جگہ نہیں ہے۔ مذاکرات مسائل کے حل کا مضبوط ذریعہ ہے۔ ضروری ہے کہ سبھی طبقات کے درمیان مذاکرات کو دوبارہ قائم کیا جائے۔ اس کی ضرورت ہے۔ ریپڈ ایکشن فورس کے خواتین اور مرد جوانوں نے سازن کاری کے ساتھ شہر کے تمام متاثرہ مقام کے علاوہ باہری علاقوں میں فلیگ مارچ کیا گیا۔ اس کے علاوہ جگہ جگہ آئی آر بی، ایس آئی آر بی اور مختلف اضلاع کے ضلع بل کے جوان، پولس ٹریننگ سینٹروں کے ٹرینی کسی بھی نامناسب معاملات سے نمٹنے کے لئے پوری طرح چوکس ہے۔ لوہردگا تھانے میں پولس انسپکٹر پریہ درشی آلوک اور ڈپٹی کمشنر آکانشا رنجن آکر مسلسل مانیٹرنگ کر رہی ہیں۔ رانچی کے زونل آئی جی نوین کمار سنگھ، ڈی آئی جی امول وینو کانت ہومکر سمیت اعلیٰ افسران لوہردگا کے تمام سرگرمیوں پر گہری نظر رکھے ہوئے ہیں۔ لوہردگا نگر پریشد میں دفعہ 144 نافذ ہے۔ پولس انتظامیہ اور آر اے ایف کی کوشش اور عام عوام کی تعاون سے معمولات زندگی عام ہوا ہے۔ پولس انتظامیہ اور ریپڈ ایکشن فورس کی لیڈی نوجوان سمیت بڑی تعداد میں شہر اور اس کے بیرونی علاقوں میں پیدل مارچ کر رہے ہیں۔ ڈرون کیمرے سے حالات کی نگرانی کی جا رہی ہے۔ ڈی سی آکانشا رنجن، ایس پی پریہ درشی آلوک، ڈی ایس پی امت اور حسین سمیت پولس افسران نے سبھی طبقات کے لوگوں سے امن وامان قائم رکھنے میں تعاون کی اپیل کی ہے۔

**لواحقین جہیز کیلئ**
**نے صرف ناریل ل**

**A AND C/106 BN RAF DEPLOYED FOR FLAG MARCH/LAW AND ORDER DUTY AT LOHARDAGA (JHARKHAND)**

## Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF








**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**